## खास खबरें

### पानी के विवाद में युवक पर रॉड से हमला, जानलेवा चोट

**नप्र, भोपालः** टीटी नगर थाना क्षेत्र के मालवीय नगर स्थित ए.के. अस्पताल के पास पानी भरने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। फरियादी प्रमोद राय की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सोहन अंकित व अन्य के खिलाफ प्राणघातक हमला, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर घटना की जांच कर रही है।

### दुकान का ताला तोड़कर छह हजार का सामान चोरी

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र के ईदगाह इलाके में अज्ञात बदमाशों ने दुकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। फरियादी मोहम्मद अजहर आलम ने पुलिस को बताया कि चोर तार के बंडल, दो हैलोजन, दो मशीन और दो ग्राइंडर सहित करीब छह हजार रुपये का सामान ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राजाभोज परिसर में मकान से नकदी चोरी

गांधीनगर थाना क्षेत्र के राजाभोज परिसर में सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर 2500 रुपये नकद चोरी कर ले गए। फरियादी डेजी मसीह की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार बस की टक्कर से हादसा, चालक पर केस

श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र के पॉलीटेक्निक चौराहे पर तेज एवं लापरवाही से बस चलाते हुए चालक ने वाहन को टक्कर मार दी। फरियादी अमन गालक की शिकायत पर पुलिस ने एमपी-13 पी-7281 बस के चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 11 मील चौराहे पर सड़क हादसा, वाहन चालक पर मामला

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र के 11 मील चौराहे पर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए चालक ने दुर्घटना कर दी। फरियादी रमीज खान की शिकायत पर पुलिस ने आरजे-09 जीबी-3884 वाहन के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़

निशातपुरा थाना क्षेत्र के करोंद स्थित पीपल चौराहे पर एक युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। फरियादी पूजा दांगी ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी रामू शर्मा ने घर में घुसकर बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की।

### कलियासोत डैम में डूबने से किशोर की मौत

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र के कलियासोत डैम के पास पानी में डूबने से 17 वर्षीय अंगद की मौत हो गई। घटना की सूचना अनिकेत ने पुलिस को दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे दो बड़ी सौर परियोजनाओं का लोकार्पण

## 1553 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को प्रदेश को दो बड़ी सौर ऊर्जा परियोजनाओं की सौगात देंगे। वे नीमच के 500 मेगावॉट और शाजापुर के 450 मेगावॉट सोलर पार्क का लोकार्पण करेंगे।

इसके साथ ही 440 मेगावॉट क्षमता की मुरैना सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना के लिए पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) पर हस्ताक्षर भी किए जाएंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी तथा प्रदेश के ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला भी उपस्थित रहेंगे।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के अनुसार मुरैना सोलर प्लस स्टोरेज प्रदेश की पहली सौर ऊर्जा भंडारण परियोजना है। इस परियोजना के लिए 2.70 रुपये प्रति यूनिट की दर प्राप्त हुई है, जबकि नीमच और शाजापुर सोलर पार्कों से उत्पादित बिजली की दरें भी देश की सबसे कम दरों में शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री 1553.98 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न औद्योगिक इकाइयों और विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी करेंगे। अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार से स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, निवेश आकर्षित होगा तथा औद्योगिक विकास के साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### कल जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन, ग्राम सभाओं में पढ़ा जाएगा मुख्यमंत्री का संदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर 19 मार्च से शुरू हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून को विशेष कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा। अभियान के समापन अवसर पर प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा तथा अभियान के तहत किए गए कार्यों और उपलब्धियों का प्रस्तुतिकरण होगा। अभियान के दौरान प्रदेशभर में जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन, वर्षा जल संचयन, नदी पुनर्जीवन और जन-जागरूकता से जुड़े 3.62 लाख से अधिक कार्य किए गए। उत्कृष्ट योगदान देने वाले नागरिकों, जलदूतों, स्वयंसेवी संगठनों और सामुदायिक संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। ग्राम सभाओं में आगामी वर्ष की जल संरक्षण कार्ययोजना पर भी चर्चा होगी। साथ ही 1 जुलाई से शुरू होने वाले विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन की जानकारी दी जाएगी तथा अभियान के तहत निर्मित प्रमुख जल संरचनाओं का जनप्रतिनिधियों द्वारा लोकार्पण भी किया जाएगा।

## भोपाल में सरकारी जमीनों पर अब सैटेलाइट की निगरानी

# अतिक्रमण होते ही प्रशासन को मिलेगा अलर्ट कलेक्ट्रेट में बनेगा विशेष 'राजस्व सेल'

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी भोपाल और आसपास की बेशकीमती सरकारी जमीनों को भू-माफियाओं और अवैध अतिक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए जिला प्रशासन हाईटेक मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करने जा रहा है।

नई व्यवस्था के तहत सरकारी जमीनों की चौबीसों घंटे सैटेलाइट के जरिए निगरानी की जाएगी। जैसे ही किसी सरकारी भूमि पर नया निर्माण या अवैध कब्जा शुरू होगा, प्रशासन को तत्काल डिजिटल अलर्ट मिल जाएगा।

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले के सभी एसडीएम को सरकारी जमीनों को हर हाल में अतिक्रमण मुक्त रखने के निर्देश दिए हैं। इस पूरी व्यवस्था के संचालन के लिए कलेक्ट्रेट में एक विशेष 'राजस्व सेल' का गठन किया जाएगा, जो सैटेलाइट से प्राप्त इमेज का विश्लेषण कर




संदिग्ध अतिक्रमणों की पहचान करेगा। प्रशासन के अनुसार सैटेलाइट से किसी भी नए निर्माण या कब्जे की सूचना मिलते ही संबंधित क्षेत्र के पटवारी को मौके पर भेजकर सत्यापन कराया जाएगा। पुष्टि होने के बाद एसडीएम और तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व अमला तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण हटाएगा।

### पुराने कब्जों पर भी चलेगा अभियान

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था केवल नए अतिक्रमण रोकने तक सीमित नहीं रहेगी। सरकारी जमीनों पर पहले से किए गए पुराने अवैध कब्जों को भी चरणबद्ध तरीके से हटाने का अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग क्षेत्रों का सर्वे कर कार्रवाई की जाएगी।

### झुग्गी बस्तियों के पुनर्वास की भी तैयारी

सरकारी भूमि पर वर्षों से बसी झुग्गी बस्तियों के संबंध में भी प्रशासन ने योजना तैयार की है। नियमानुसार पात्र परिवारों को वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराते हुए पुनर्वास की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, ताकि सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जा सके।

जिला प्रशासन का मानना है कि सैटेलाइट आधारित निगरानी व्यवस्था लागू होने के बाद भू-माफियाओं के लिए सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करना आसान नहीं रहेगा। तकनीक के माध्यम से समय रहते अतिक्रमण की जानकारी मिलने से कार्रवाई तेज और प्रभावी होगी, जिससे सरकारी संपत्तियों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

# महापौर ने फैशन शो का किया शुभारंभ

## आयोजकों को दी बधाई, प्रतिभागियों का किया उत्साहवर्धन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल की महापौर मालती राय ने रविवार शाम होटल लॉ पर्ल में आयोजित फैशन शो एवं रैम्प वॉक का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए इसे महिलाओं की प्रतिभा और आत्मविश्वास को मंच प्रदान करने वाला प्रयास बताया।

महापौर श्रीमती राय ने आयोजन के लिए सर्वशक्ति विमेन्स क्लब की टीम को बधाई दी तथा फैशन शो में भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आयु वर्ग की प्रतिभागियों ने रैम्प पर अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सर्वशक्ति विमेन्स क्लब की पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को अपनी प्रतिभा, व्यक्तित्व और आत्मविश्वास को प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना रहा।

### नगर निवेशक नीरज आनंद लिखार के जाति प्रमाण पत्र मामले में हाईकोर्ट में आज सुनवाई

**नप्र, भोपालः** टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के संयुक्त संचालक एवं नगर निगम भोपाल में पदस्थ नगर निवेशक नीरज आनंद लिखार के जाति प्रमाण पत्र को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार, 29 जून को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ में अहम सुनवाई होगी। यह याचिका नरसिंहपुर जिले के करेली निवासी आदित्य ठाकुर ने दायर की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि नीरज आनंद लिखार का जाति प्रमाण पत्र विवादित है और इसकी वैधानिक जांच कराई जानी चाहिए। याचिकाकर्ता का कहना है कि नीरज आनंद लिखार के भाई अजय आनंद के हल्बा जाति प्रमाण पत्र को राज्य स्तरीय छानबीन समिति ने अमान्य पाया था। इसके बाद विभाग ने उन्हें उनके मूल पद पर रिवर्ट कर दिया था। याचिकाकर्ता का तर्क है कि यदि दोनों का जाति संबंधी आधार समान है तो नीरज आनंद लिखार के प्रमाण पत्र की भी जांच आवश्यक है और जांच लंबित रहते हुए उनका पद पर बने रहना नियमों के अनुरूप नहीं है। इस मामले में 12 मार्च को हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य शासन को निर्देश दिए थे कि राज्य स्तरीय छानबीन समिति से 90 दिनों के भीतर मामले की जांच कराई जाए। अब निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद प्रकरण दोबारा सुनवाई के लिए जस्टिस विशाल मिश्रा की अदालत में सूचीबद्ध हुआ है। मामले की सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से जांच की प्रगति रिपोर्ट अथवा छानबीन समिति की कार्रवाई पर न्यायालय में जानकारी प्रस्तुत किए जाने की संभावना है। इस सुनवाई पर नगर निगम और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के साथ-साथ प्रशासनिक हलकों की भी नजर रहेगी।

# डीएसपी स्तर पर हुआ बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 65 अधिकारियों के तबादले

## भोपाल-इंदौर-ग्वालियर समेत कई जिलों में नई तैनाती, हॉकफोर्स बालाघाट में भी बड़े पैमाने पर पदस्थापन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग ने राज्य पुलिस सेवा में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए डीएसपी स्तर के 65 अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं।

गृह विभाग के अवर सचिव अन्नू भलावी के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कई जिलों के एसडीओपी, नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी), सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) और सहायक सेनानी स्तर के अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। तबादला सूची में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, सिंगरौली, धार, खरगोन, अलीराजपुर, शिवपुरी, बालाघाट और मुरैना सहित कई जिलों में व्यापक बदलाव किए गए हैं। सबसे अधिक अधिकारियों की पदस्थापना हॉकफोर्स बालाघाट में की गई है, जबकि वहां से कई अधिकारियों को मैदानी जिलों में भेजा गया है।

**भोपाल में ये अहम बदलाव :** राजधानी भोपाल में कई महत्वपूर्ण पदों पर नए अधिकारियों की तैनाती की गई है। शशांक जैन को सहायक पुलिस आयुक्त, निशातपुरा बनाया गया। संतोष कुमार पटेल को सहायक पुलिस आयुक्त, कोतवाली भोपाल की जिम्मेदारी मिली।

विवेक सिंह चौहान, अश्विनी कुमार और रोहित लखारे को पुलिस मुख्यालय भोपाल में उप पुलिस अधीक्षक पद पर पदस्थ किया गया। वहीं भोपाल से अक्षय चौधरी (एसीपी निशातपुरा), आकाश अमलकर और शेखर दवेडु सहित कई अधिकारियों का तबादला हॉकफोर्स बालाघाट किया गया है।

**इंदौर और ग्वालियर में भी बदलाव :** इंदौर में संयोगितागंज, सराफा, मल्हारगंज और खजराना एसीपी कार्यालयों में नए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। ग्वालियर में विश्वविद्यालय और मुरार सीएसपी के पदों पर भी नए अधिकारियों की तैनाती हुई है।

**प्रशिक्षु डीएसपी को मिली पहली फील्ड पोस्टिंग :** हाल ही में प्रशिक्षण पूरा करने वाले डीएसपी अधिकारियों को भी पहली फील्ड पोस्टिंग दी गई है। इनमें ललित बैरागी को चितरंगी (सिंगरौली), हर्ष राठौर को जावद (नीमच), हेमंत कुमार को विंध्यनगर (सिंगरौली), अन्नपूर्णा सिरसाम को बैतूल तथा गगन हनवत को भितरवार (ग्वालियर) में एसडीओपी बनाया गया है।

गृह विभाग के अनुसार सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बिलखिरिया के चर्चित अंधे कत्ल मामले में तीन आरोपियों को उम्रकैद

**नप्र, भोपालः** वर्ष 2023 में थाना बिलखिरिया क्षेत्र के चर्चित अंधे कत्ल मामले में माननीय अपर सत्र न्यायालय, भोपाल ने बड़ा फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को आजीवन कारावास (उम्रकैद) की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पाए गए आदि उर्फ आदित्य साहू, सरफराज और धीरेन्द्र राजपूत पर प्रत्येक को 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

यह फैसला 27 जून को सुनाया गया। मामले के अनुसार, 23 अप्रैल 2023 को ग्राम कान्हासैया क्षेत्र में एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था। शव पर नुकीले हथियार से किए गए कई गंभीर वार के निशान मिले थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना बिलखिरिया पुलिस ने हत्या, पहचान छिपाने और साक्ष्य नष्ट करने के आरोप में अपराध क्रमांक 214/23 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 302 एवं 201 में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने मृतका की पहचान प्रीति कुशवाहा, निवासी टीला जमालपुरा, भोपाल के रूप में की। मामले के खुलासे में साइबर सेल की तकनीकी जांच और डिजिटल डेटा विश्लेषण की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल हुई। विवेचना में सामने आया कि आरोपियों ने एक विधि-विरुद्ध बालक के साथ मिलकर सुनियोजित षड्यंत्र के तहत प्रीति कुशवाहा को कान्हासैया क्षेत्र में बुलाया और उसकी नुकीले हथियार से हत्या कर दी। हत्या के बाद पहचान छिपाने और साक्ष्य नष्ट करने का भी प्रयास किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथियार, मोबाइल फोन, घटना के समय पहने गए कपड़े तथा अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए। पुलिस द्वारा जुटाए गए भौतिक, तकनीकी एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दोषी माना।

माननीय अपर सत्र न्यायालय, जिला भोपाल ने सभी साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर आदि उर्फ आदित्य साहू, सरफराज और धीरेन्द्र राजपूत को हत्या का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास तथा प्रत्येक पर 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं, मामले में शामिल विधि-विरुद्ध बालक का प्रकरण किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पृथक रूप से विचाराधीन रहा।



# फिटनेस और नशामुक्ति का संदेश लेकर दौड़ा भोपाल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शनिवार शाम सैर सपाटा ग्राउंड, वन विहार रोड पर आयोजित सुपरॉक्स नाइट रन के दूसरे संस्करण में शहरवासियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

टीम सुपर एथलीट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक करना और नशे से दूर रहने का संदेश देना था। कार्यक्रम की शुरुआत मध्यप्रदेश की सबसे कम उम्र की आयरनमैन पावनी सपकाल के वार्म-अप सत्र से हुई। सात वर्षीय जिया मिश्रा सबसे कम उम्र की प्रतिभागी रहीं, जबकि 68 वर्षीय अपर्णा वशिष्ठ और इमाम शेख को वरिष्ठ धावकों के रूप में सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों को न्यूट्रिशन, हाइड्रेशन और गिफ्ट वाउचर प्रदान किए गए। कोच प्रवीण सपकाल ने सुरक्षित दौड़ के टिप्स साझा किए।

# क्राइम ब्रांच ने गांजा खेप मामले में फरार दो तस्करों को किया गिरफ्तार

## 170.090 किलो गांजा,ट्रक और 396 एल्यूमीनियम सिल्लियां पहले ही जब्त

### अर्टिगा कार से दबोचे गए आरोपी, नेटवर्क की जांच तेज

**नप्र, भोपालः** राजधानी में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच भोपाल ने अपनी अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई में 170.090 किलोग्राम अवैध गांजा की तस्करी से जुड़े मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

दोनों आरोपियों को सीहोर-बिलकिसगंज मार्ग से भोपाल आते समय घेराबंदी कर अर्टिगा कार सहित दबोचा गया। इस मामले में पहले ही 170.090 किलो गांजा, एक आइशर ट्रक और 396 एल्यूमीनियम सिल्लियां सहित करीब 1.33 करोड़ रुपये का मशरूका जब्त किया जा चुका है।

पुलिस कमिश्नर संजय कुमार के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मोनिका शुक्ला के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त अपराध अखिल पटेल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त शैलेन्द्र सिंह चौहान और सहायक पुलिस आयुक्तों के निर्देशन में क्राइम ब्रांच की टीम फरार आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

क्राइम ब्रांच थाना प्रभारी अशोक मरावी की टीम को तकनीकी निगरानी और मुखबिर से सूचना मिली कि एनडीपीएस एक्ट के अपराध क्रमांक 95/26 में फरार आरोपी संतोष बैरागी और रोहित स्वामी सफेद रंग की अर्टिगा कार से सीहोर के बिलकिसगंज मार्ग से भोपाल की ओर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर रातीबड़ रोड स्थित कलखेड़ा मार्ग पर घेराबंदी की गई, जहां पुलिस ने दोनों आरोपियों को कार सहित गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में दोनों आरोपियों ने एनडीपीएस मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने अर्टिगा कार को भी जब्त कर आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। उनसे मादक पदार्थों की तस्करी के पूरे नेटवर्क, सप्लाई चेन और अन्य सहयोगियों के संबंध में पूछताछ जारी है।

### मुख्य आरोपी निकला पुराना तस्कर

गिरफ्तार आरोपी संतोष बैरागी (48), निवासी सतवास जिला देवास, नशे के अवैध कारोबार का पुराना खिलाड़ी है। उसके खिलाफ पहले से एनडीपीएस एक्ट के तीन मामले दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार वह लंबे समय से विभिन्न जिलों में मादक पदार्थों की तस्करी कर पुलिस की निगरानी से बचने का प्रयास करता रहा है। वहीं दूसरे आरोपी रोहित स्वामी (27) भी इस तस्करी नेटवर्क का सक्रिय सदस्य बताया जा रहा है।

### संपत्ति की होगी जांच

क्राइम ब्रांच अब आरोपियों की चल-अचल संपत्तियों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि तस्करी से अर्जित अवैध धन का निवेश किन-किन स्थानों पर किया गया है और इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की क्या भूमिका रही है।

# डबल मर्डर, हत्या करने वाला पहचान का बुजुर्ग दंपती को करीब से मारी गोलियां

### मोबाइल गायब होने से जांच में नया मोड़

**नप्र, भोपालः** राजधानी के ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुदामा नगर में रेलवे से सेवानिवृत्त हेमंत बारीक (64) और उनकी पत्नी, कस्तूरबा अस्पताल की सेवानिवृत्त नर्स शकुंतला बारीक (62) की हत्या ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पोस्टमार्टम और फोरेंसिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि दोनों की हत्या बेहद करीब, लगभग 5 से 7 फीट की दूरी से गोली मारकर की गई। घटनास्थल से तीन खाली कारतूस मिले हैं, जबकि घर में जबरन घुसने, लूटपाट या संघर्ष के कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं।

घटना का खुलासा तब हुआ जब 26 जून की रात किराएदार किराया देने पहुंचे। घर से तेज दुर्गंध आने पर पुलिस को सूचना दी गई। दरवाजा खोलने पर हेमंत बारीक का शव फर्श पर और शकुंतला बारीक का शव सोफे पर पड़ा मिला। चिकित्सकीय जांच में दोनों की मौत दो से तीन दिन पहले होने की पुष्टि हुई।

जांच के दौरान एक और चौंकाने वाला तथ्य सामने आया। दंपती की कोई संतान नहीं थी, लेकिन उन्होंने पड़ोसियों और परिचितों को वर्षों तक यह बताया कि उनका बेटा पत्नी और बच्चों के साथ विदेश में रहता है। पुलिस अब यह भी पता लगा रही है कि उन्होंने अपनी निजी जिंदगी को लेकर ऐसा दावा क्यों किया और क्या इसका किसी अन्य पहलू से संबंध है।

फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से तीन खाली कारतूस जब्त किए हैं। प्रारंभिक जांच के अनुसार एक ही हथियार से तीन गोलियां चलाई गईं। हेमंत बारीक के सिर में एक गोली लगी, जबकि शकुंतला बारीक को दो गोलियां मारी गईं। घर से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ, जिससे आत्महत्या की आशंका लगभग समाप्त हो गई है और हत्या की पुष्टि हुई है।

**नाम परिवर्तन**

मेरे पूर्व के नाम की स्पेलिंग **NASEEM BANO D/O SHEHZAD AHMAD** थी, जो कि मेरी मार्कशीट में दर्ज है। अब वर्तमान में मेरे नाम की स्पेलिंग बदलकर नया एवं पूरा नाम **NASIM BANO D/O SHAHJAD AHMAD** हो गया है जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। निवासी- म. नं.38, शारदा नगर नियर नारियलखेड़ा भोपाल (मध्य प्रदेश)

734

**NAME CHANGE**

**My old name was UM KULSOUM NAQVI. Written in My old Passport. Now in present My full & right name known as UMME KULSUM NAQVI D/O SAYED ZUHAIR HUSAIN NAQVI. Resident of 12, Yamni manzil, Lakherapura Bhopal (M.P.) 462001**

733

**म.प्र. पुलिस गृह निर्माण सहकारी समिति भोपाल मर्यादित**

**भारतीय स्टेट बैंक शाखा जहांगीराबाद के ऊपर भोपाल- 462008 (म.प्र.) (पंजी. क. / डी. आर. / एस. एच. आर/ 16 दिनांक 03.05.1963)**

**विशेष सूचना**

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु सदस्य सूची में सदस्यों के पिता / पति का नाम मोबाईल नम्बर एवं आधार कार्ड / मतदाता पहचान पत्र या पैन कार्ड की जानकारी दी जाना आवश्यक है । अतः समस्त सदस्यों से अनुरोध है कि निम्नानुसार जानकारी एक सप्ताह के अन्दर संस्था कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा संस्था के पंजीकृत पते पर डाक द्वारा या व्हाटसऐप नम्बर संस्था प्रशासक अल्का तिग्गा 9407528298 तथा प्रबन्धक मुकेश शर्मा 9926334455 पर भेजने का कष्ट करें ।

**अल्का तिगा प्रशासक**
**म.प्र. पुलिस गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल**

732